अपने अंदर प्रयोगात्मक और तार्किक विचारों का समावेश करें

जासं, रांची : भारतीय प्रबंधन संस्थान (आइआइएम) रांची के सत्र 2023-25 बैच का विधिवत उद्‌घाटन हुआ। समारोह की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। एमबीए में 239 सीटें, एमबीए-एचआर में 68 सीटें, एमबीए-बीए में 59 सीटें जबकि पीएचडी में चार सीटें हैं। उद्‌घाटन के दौरान आइआइएम रांची के निदेशक प्रोफेसर दीपक कुमार श्रीवास्तव ने नए बैच के छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए प्रयोगात्मक और तार्किक विचार के साथ अपने करियर को नई ऊंचाई तक ले जाने की सीख दी। कार्यक्रम के विशिष्ट मुख्य अतिथि सीसीएल के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक पीएम प्रसाद ने छात्रों को व्यावसायिक परिदृश्य की गतिशील प्रकृति और भविष्य की दुनिया को आकार देने में उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। मौके पर बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित हुए। मुख्य रूप से जेपीएमसी के निदेशक संदीप गुप्ता, प्रो प्रदीप कुमार बाला, प्रो. विजया दीक्षित थे।

Dainik Jagran_24.06.2023_pg. 04